| |
|---|
| समस्त पत्र–व्यवहार रजिस्ट्रार, लखनऊ विश्वविद्यालय, को सम्बोधित करें अन्य किसी अधिकारी के नाम से नहीं। |

पत्र संख्या :..................(सा0प्रशा0)/19
दिनांक :.........................

प्रेषक,

कुलसचिव,
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ।

सेवा में,

01. समस्त् संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष
02. कार्याधीक्षक, निर्माण विभाग
03. समस्त् उपकुलसचिव
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

विषयः शासन की प्राथमिकताओं में महिला परक कार्यक्रमों / योजनाओं का महिला अधिकारियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण की व्यवस्था के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक संलग्न सचिव उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–3 के पत्र सं0 2262 / सत्तर–3–2019–08(25) / 2019 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा महिलाओं के कल्याण हेतु राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का महिला अधिकारियों द्वारा फील्ड निरीक्षकण कर फीडबैक उपलब्ध कराये जाने के साथ ही साथ पत्र में निर्धारित विभागवार एजेण्डा बिन्दुवार सूचना उपलब्ध कराये जाने के संबंध में है।

इस संबंध में आपसे अनुरोध है कि पत्र में उल्लेखित बिन्दुओं पर रिपोर्ट 05 कार्य दिवसों में कार्यालय को उपलब्ध करें जिससे कि शासन को समयान्तर्गत रिपोर्ट से अवगत कराया जा सके।

भवदीय,

संलग्नक यथोपरि।

(एस0 के0 शुक्ल)
कुलसचिव

संख्या GA/25352–58 दिनांक 07/11/2019

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
3. कुलानुशासक , लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
4. परीक्षा नियन्त्रक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
5. निदेशक, आई0पी0पी0आर0, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
6. इंचार्ज वेबासाइट को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना समस्त् संकायाध्यक्ष /विभागाध्यक्ष, लखनऊ विश्वविद्यालय,लखनऊ को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित करने का कष्ट करें।
7. निजी सचिव, कुल सचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

6.11.2019.
उप कुलसचिव

DR-1300
23/10/19

कुल सचिव का कार्यालय
डाक प्राप्ति
संख्या 718
तिथि 23/10/19
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ-226007

संख्या-: 2262 / सत्तर-3-2019-08(26) / 2019

GA-1281
23/10/19

प्रेषक,

आर० रमेश कुमार,
सचिव
उ०प्र० शासन।

सेवा में,

1- समस्त जिलाधिकारी
उत्तर प्रदेश।

2- कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

3- निदेशक,
उच्च शिक्षा, उ०प्र०,
प्रयागराज।

4- समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षाधिकारी
उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक 16 अक्टूबर, 2019

**विषय– शासन की प्राथमिकताओं में महिला परक कार्यक्रमों/योजनाओं का महिला अधिकारियों द्वारा अनुश्रवण एवं स्थलीय निरीक्षण की व्यवस्था के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक महिला एवं बाल विकास अनुभाग-3 के पत्र सं0-2026/60-3-2019, दिनांक 14.10.2019 (छायाप्रति संलग्न) का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा महिलाओं के कल्याण हेतु राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का महिला अधिकारियों द्वारा फील्ड निरीक्षण कर फीडबैक उपलब्ध कराये जाने के साथ ही साथ विभागवार एजेण्डा बिन्दु निर्धारित किये गये हैं।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त शासनादेश द्वारा उच्च शिक्षा विभाग हेतु निर्धारित एजेण्डा के अतिरिक्त छात्राओं की गुणवत्ता-परक उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में भी निम्नलिखित एजेण्डा बिन्दुओं को भी महिला अधिकारियों के फील्ड निरीक्षण में सम्मिलित किया जाय:–

1– विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों में छात्राओं के पठन-पाठन की स्थिति।
2– जनपद में इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण करने वाली छात्राओं की स्नातक प्रथम वर्ष में नामांकन की स्थिति।
3– जनपद में स्नातक प्रथम वर्ष में उत्तीर्ण करने वाली छात्राओं की संख्या।
4– जनपद में स्नातक द्वितीय वर्ष में उत्तीर्ण करने वाली छात्राओं की संख्या।
5– जनपद में स्नातक के अन्तिम वर्ष में उत्तीर्ण करने वाली छात्राओं की संख्या।
6– जनपद में स्नातक उत्तीर्ण करने वाले छात्राओं की परास्नातक में प्रवेश प्राप्त करने वाली छात्राओं की संख्या।
7– विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों में शौचालय की स्थिति।
8– महाविद्यालयों में बालिकाओं को आने-जाने की सुविधा की स्थिति।
9– विगत समय में विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों के पास बालिकाओं से छेड़खानी की घटनाओं का विवरण।
10– उक्त के अतिरिक्त कन्या सुमंगल योजना के सम्बन्ध में उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 के शासनादेश संख्या-1284/सत्तर-3-2019, दिनांक 04 जुलाई, 2019 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा यह निर्देश जारी किए गए है कि उक्त योजना के अन्तर्गत (श्रेणी-6) के अन्दर आने वाली छात्राओं को उक्त योजना का लाभ प्रदान किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

कृपया, उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्नक-यथोक्त

DR GA
... या 03 कार्य दिवसों में नियमानुसार ... क्षण कर आख्या सहित प्रस्तुत करें।
कुलसचिव

भवदीय,
( आर० रमेश कुमार )
सचिव।

संख्या-2262(1) /सत्तर-3-2019, तद्‌दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग, उ0प्र0 शासन (अनुभाग-3) को उनके पत्र संख्या-2206/ 60-3-19, दिनांक 14.10.2019 के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।
2. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।

आज्ञा से,

( हरेन्द्र कुमार सिंह )
अनु सचिव।

23.10.2019

P.T.O